# अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों को सेशन जज ने दिलाई शपथ

**जालोर**, (कासं)। अभिभाषक संघ जालोर के चुनाव के अनुसरण में नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार दोपहर 1.30 बजे जालोर शहर में स्थित शंकर वाटिका में आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन न्यायालय हारुन थे, जबकि अतिथि के रुप में पोक्सो कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश भूपेंद्र कुमार सनाढ्य, एससी-एसटी कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश परवेज अहमद, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहसान अहमद, एसीजेएम प्रथम आशा चारण, जेजेबी के प्रिंसीपल जज गजेंद्र कुमार और न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या गोदारा उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष अतिथियों और नव निर्वाचित अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह पोषाणा ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर की। समारोह में जिला एवं सेशन न्यायाधीश हारुन ने कहा कि जज बनने के लिए वकील बनना बेसिक नीड होती है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष की जिम्मेदारी बहुत बडी होती है, हमें उम्मीद है कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उनकी टीम बार एवं बेंच के बीच मधुर संबंध बनाए रखते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे तथा बार के हितों एवं उत्थान के लिए कार्य करेंगे।

नव निर्वाचित अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह पोषाणा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी बार के वरिष्ठ साथियों और साथी अधिवक्ताओं ने सौंपी, उस जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने बार एवं बेंच के मधुर संबंध कायम रखने तथा वकीलों के हितों में कार्य करने का वादा किया।

इससे पूर्व अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए निर्वाचन अधिकारी बसन्त कुमार गहलोत, सहायक निर्वाचन अधिकारी सतपाल पुरोहित और सदस्य तरुणसिंह का भी माला पहनाकर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मंच संचालन रमेश सोलंकी ने किया।

शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह पोषाणा, उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित, सचिव प्रवीण कुमार भादरु, सह सचिव तुलसीराम पुरोहित, कोषाध्यक्ष पुखराज माली, सह कोषाध्यक्ष तारीफ अली और पुस्तकालय अध्यक्ष गोपेश कुमार को जिला एवं सेशन न्यायाधीश हारुन और निर्वाचन अधिकारी बसन्त कुमार गहलोत ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान नव निर्वाचित कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता परमानन्द दवे, सिकन्दर अली सैयद, सुरेंद्र कुमार दवे, शंभूदान आशिया, सरदार खान खोखर, मोहनसिंह राणावत, ईश्वरदान चारण, अशोक जोशी, विक्रमसिंह, दिलीप शर्मा, रजनीकांत सोनी, तरुण सोलंकी, मुमताज अली, संतोष भारती, ललित खत्री, गुणेशसिंह राजपुरोहित, समीर खान खोखर, रामप्रकाश खाबाणी, अशोक कुमार माली, अभिमन्यूसिंह, नरपतसिंह देवडा, रियाज खान, शकील मेहर, भूरसिंह देवकी, रामसिंह चम्पावत, पदमसिंह भाटी, खसाराम परिहार, सुरेश राव, पारसमल गार्गी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।



जालोर अभिभाषक संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

## सर्व हिन्दू समाज ने ज्ञापन दिया

**बाड़मेर**, (कासं)। सर्व हिंदू समाज के सेवानिवृत अधिकारियों व प्रबुद्धजनों ने बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न, नरसंहार एवं धर्म परिवर्तन के विरोध में जिला कलेक्टर टीना डाबी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव द्वारा बांग्लादेश के सभी अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों की रक्षा की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबालाल जोशी ने बताया कि बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन पश्चात बांग्लादेश में परंपरागत रूप से रह रहे अल्पसंख्यक मुख्यत: हिंदू एवं सनातनी समाज के लोगों को चिन्हित व लक्षित कर वहां के बहुसंख्यक वर्ग द्वारा हिंसात्मक हमले किए जा रहे हैं।

इस दौरान एडवोकेट रमेश मंगल, करना राम, स्वरूपसिंह चाडी, जयकिशन जोशी,मिरचूल कृपलानी, टी. डी राठी, मांगीलाल संखलेचा, महेश शर्मा, पीआर चौधरी, महावीर बोहरा, शिवजी राम चौधरी, धनराज व्यास,ललित कुमार जोशी, रामकुमार जोशी, इंजीनियर संजय रामावत सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

अरविंद तापडिया ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 12 बजे सर्व हिंदू समाज की आक्रोश रैली होगी। भोमसिंह सुंदरा ने बताया कि आक्रोश रैली गांधी चौक स्कूल से लेकर जिला कलेक्ट्रेट तक निकाली जाएगी।

# जालोर जिला तीरंदाजी संघ के चुनाव संपन्न




जालोर जिला तीरंदाजी संघ के कृष्ण कुमार तिवारी अध्यक्ष एवं वरुण शर्मा सचिव बने। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला तीरंदाजी संघ के चुनाव में कृष्ण कुमार तिवारी अध्यक्ष एवं वरुण शर्मा सचिव निर्वाचित हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी शिवदत्त आर्य ने बताया कि गोविंद राम पर्यवेक्षक राजस्थान तीरंदाजी संघ के देखरेख में तीरंदाजी संघ की साधारण सभा की बैठक में आर्य वीरम व्यायाम शाला में जिला तीरंदाजी संघ के चुनाव संपन्न हुएं सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने से समस्त पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

कृष्ण कुमार अध्यक्ष प्रशांत सिंह एवं चंद्रकांत उपाध्यक्ष वरुण शर्मा सचिव शुभम आर्य एवं कांतिलाल आर्य संयुक्त सचिव अंबिका प्रसाद तिवारी कोषाध्यक्ष सौरभ सिंह एवं कविता सदस्य निर्वाचित हुए। छगन्नाथ एवं भरत कुमार भादरू आमंत्रित सदस्य मनोनीत किए गए।

चुनाव अधिकारी आर्य ने समस्त निर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलवाई। इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब मिलकर जालोर के खिलाडयिों के लिए प्रयास करेंगे और उन्हें समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराकर खेल को आगे बढाने में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान तीरंदाजी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष हरदेव आर्य एवं जिला कुश्ती संघ के सचिव दलपत सिंह आर्य का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# रन फॉर विकसित राजस्थान के लिए लोगों में उत्साह रहा




जालोर के हनुमानशाला स्कूल से रन फॉर विकसित राजस्थान दौड़ को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने गुरूवार को प्रात:काल राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम हनुमानशाला जालोर से रन फॉर विकसित राजस्थान (रविराज) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रन फॉर विकसित राजस्थान रैली हनुमानशाला स्कूल से रवाना होकर हरिदेव जोशी सर्किल-वन-वे रोड़, कलेक्ट्रेट के सामने से आहोर चौराहा होते हुए शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर पहुंची। स्टेडियम में जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित व जिला शिक्षाधिकारी भेराराम ने युवाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत, जिला शिक्षाधिकारी भेराराम, एडीपीसी ईश्वरसिंह, भागीरथ गर्ग, सुरेश सोलंकी सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक, पुलिस, एनएसएस, नर्सिंगकर्मी व शहर के राजकीय व निजी विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## '35 लाख करोड़ के एम.ओ.यू. धरातल पर लाएंगे'

**जोधपुर** , (कासं) । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान राइजिंग ग्लोबल समिट में राज्य सरकार द्वारा 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन है जो आगामी आने वाले दिनों में धरातल पर लाए जाएंगे। यह बात उन्होंने जोधपुर प्रवास के दौरान मीडिया से बात करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने यहां कई कार्यक्रमों में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि एक वर्ष में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की जनता के लिए कई सारी योजनाओं को साकार किया है जिसमें पेट्रोल डीजल के दामों में कमी, किसान निधि में वृद्धि आदि प्रमुख है।

इसके साथ ही आगामी चार सालों में भजनलाल सरकार प्रदेश के लिए कई नई योजना ला रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान राइजिंग ग्लोबल समिट के बाद प्रदेश का विकास होगा और इस निवेश को धरातल पर लाकर उसकी समीक्षा की जाएगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने यहां एक शोकसभा में भी भाग लिया। वह जालोरी गेट में अपने रिश्तेदार के निधन पर उनके निवास स्थान पर शोक व्यक्त करने पहुंचे।

वहां शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। वापसी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

# सेवा इकाई के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया



जालोर के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित प्रशिक्षण शिविर के समापन पर न्यायाधीश अहसान अहमद ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर मानसिक रूप से बीमार व बौद्धिक अक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाएं स्कीम के तहत गठित कानूनी सेवा इकाई के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण गुरूवार को समापन हुआ।

समापन के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने कानूनी सेवा ईकाई के सदस्यों को कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दो दिनों में सीखा गया ज्ञान फील्ड में जाकर धरातल पर दिखना चाहिए। यहां पर अर्जित किए गए ज्ञान को जरूरतमंद बालकों की सहायता में उपयोग करेंगे तभी प्रशिक्षण उद्देश्य सफल होगा।

उन्होंने कहा कि अक्षम व्यक्ति और उनके संरक्षक को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करें एवं उनकों योजनाओं का फायदा दिलवाने में अपनी भूमिका निभाए। प्रशिक्षण के दूसरे दिन अहसान अहमद ने मानसिक रूप से बीमार व बौद्धिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाएं योजना की विस्तार से जानकारी दी और योजना के तहत गठित समिति के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। सेवानिवृत्त न्यायाधीश सोहनराम मेघवंशी ने कहा कि दो दिनों तक दिया गया प्रशिक्षण तभी सफल होगा जब इसका धरातल में विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को फायदा मिलेगा। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया के विशेष रूप से सक्षम बालकों के साथ बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।

पैनल अधिवक्ता सरदार खान खोखर ने एलएसयूएम के विषय में विधिक सेवा प्रदाताओं के कार्य एवं उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह आहोर के विशेष शिक्षक राजेंद्र कुमार ने मानसिक रूप से बीमार लोगों के साथ किस प्रकार से व्यवहार करना चाहिए इसकी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मानसिक बीमार व्यक्तियों की देखभाल करने, उनके साथ बरती जाने वाली सावधानियों, उनसे वार्तालाप करने के तरीके, उनको दवाइयां देने के तरीके के बारे में विस्तार से बताया। एलएडीसीएस असिस्टेंट आमना तब्बसुम ने मानसिक रोगियों एवं मानसिक विमंदित व्यक्तियों के लिए वैधानिक ढांचे के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान कानूनी सेवा इकाई के सदस्य पैनल अधिवक्ता एवं अधिकार मित्र मौजूद रहे।

## चुनाव प्रक्रिया में बेहतर कार्य पर होगा सम्मान

**जालोर**, (कासं)। राज्य के निर्वाचन विभाग द्वारा जिले में निर्वाचन कार्य के दौरान अधिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और नवाचार-युक्त कार्य करने वाले अधिकारियों-कार्मिकों को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर आगामी 25 जनवरी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए 15 दिसम्बर, 2024 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता के अवसर पर 1 जनवरी से 31 दिसम्बर, 2024 की अवधि में निर्वाचन संबंधी उत.ष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जिला परिषद) पदेन जिला स्वीप प्रभारी, मास्टर ट्रेनर, मीडिया संबंधी कार्मिक, आईटी कार्मिक, सांख्यिकी कार्मिक, निर्वाचन व्यय अन्वेक्षण संबंधी कार्मिक (एफएस/एसएसटी/पुलिस एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसी कार्मिक), सेक्टर ऑफिसर सहित अन्य निर्वाचन संबंधी उत.ष्ट कार्य सम्बंधित कार्मिक या अधिकारी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

इन श्रेणियों के आवेदन सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुशंसा के साथ निर्वाचन विभाग को 15 दिसम्बर तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार आवेदन के प्रारूप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## दीपिका सेन दौड़ में विजेता बनी

**जालोर**, (कासं)। आर्य वीर दल जालोर की आर्य वीरांगना दीपिका सेन ने अंडर 18 बालिका वर्ग की 4 किलोमीटर दौड़ का खिताब अपने नाम किया। वहीं इसी दौड में रवीना ने द्वितीय व कविता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि बुधवार शाम 4 बजे सुंदेलाव तालाब की पाल पर जिला एथलेटिक्स संघ के बैनर तले जिला स्तरीय क्रोस कंट्री दौड संघ के जिलाध्यक्ष भरत मेघालय के निर्दशन में हुई। प्रतियोगिता में अंडर 16 से अंडर 20 वर्ष तक के पुरुष व महिला खिलाडियों ने भाग लिया।जिसमें अंडर 16 बालिका वर्ग की 2 किलोमीटर दौड में निरमा गोपीकिशन, आर्य वीरांगना सपना, निरमा हमीराराम ने क्रमश: प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अंडर 16 बालक वर्ग की 2 किलोमीटर दौड में सिकन्दर अली,आर्यवीर सागर,आर्यवीर दीपक ने क्रमश: पहला,दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 18 बालकों की 6 किलोमीटर दौड में कांतिलाल, भूपेंद्र चौधरी, भमराराम, अंडर 20 बालिकाओं की 6 किलोमीटर दौड में आर्य वीरांगना कंचन कुमारी, आर्य वीरांगना करीना कुमारी,काजल कुमारी, अंडर 20 बालकों की 8 किलोमीटर दौड में रणछोडा राम,साहिल कुमार, तपस्वी कुमार ने क्रमश: प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में किसी भी खिलाडी ने भाग नहीं लिया।

विजेताओं को जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल व भामाशाह भवरसिंह ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया। बनो चैंपियन कोच कैलाशचंद्र व भावेश कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# किसान सम्मेलन कार्यक्रम आज

**बालोतरा**, (निसं)। वर्तमान राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार को रन फॉर विकसित राजस्थान दौड के साथ ही जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ हुआ। 13 दिसंबर को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन नगर पालिका सिवाना के सभागार में किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण किया जाएगा।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग द्वारा किसान सम्मेलन के दौरान जिला विकास पुस्तिका एवं सूजस विशेषांक का विमोचन किया जायेगा। साथ ही पंचायत समिति बालोतरा परिसर में राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे।

# आदर्श विद्या मंदिर भवन विस्तार के लिए भूमि पूजन



आदर्श शिक्षण संस्थान जैसलमेर के जिला अध्यक्ष मांगीलाल टावरी ने भूमि पूजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। आदर्श शिक्षण संस्थान जैसलमेर द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रामगढ़ में भवन विस्तार के लिए भूमि पूजन किया गया।

विद्या भारती जोधपुर प्रांत संगठन मंत्री रविकुमार प्रांत एकल विद्यालय प्रमुख श्री देरामाराम विश्नोई आदर्श शिक्षण संस्थान जैसलमेर के जिला अध्यक्ष मांगीलाल टावरी प्रबंध समिति के संरक्षक श्री चतरसिंह जाम अध्यक्ष दुर्जनसिंह सोलंकी द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना करके भूमि पूजन किया गया।पंडित केशव केवलिया द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम में जिला समिति व्यवस्थापक पदमसिंह राठौड़, जिला सेवा प्रमुख धीरेंद्रसिंह भाटी, जिला सचिव भंवरलाल कुमावत, जिला एकल विद्यालय एवं संस्कार केंद्र प्रमुख घेवरसिंह भाटी, सीमाजन कल्याण समिति के जिला सहमंत्री कृष्णपालसिंह सेऊवा, प्रधानाचार्य कंवराजसिंह तंवर, प्राथमिक प्रभारी सजना कुमारी, आचार्य ओमप्रकाश, पूर्व छात्र सोहन सिंह राजपुरोहित सहित अभिभावक व ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## डॉक्टर के मकान में चोरी

**जोधपुर**, (का.सं.) । जोधपुर शहर के पावटा बी रोड स्थित जालम विलास में स्वास्तिक बिल्डिंग में रहने वाले एक डॉक्टर दंपती के मकान में संदिग्ध हालात में चोरी हो गई। घर से 10-12 तोला सोना, 25 हजार की चोरी होना बताया गया।

इसमें सबसे बड़ी बात है कि ना तो घर के ताले टूटे मिले और ना ही सामान बिखरा हुआ था। बैग यह उक्त सामान चोरी होना बताया गया। चोर काफी सामान छोड़ कर भी गए है। फिलहाल पुलिस ने इसमें गहनता से पड़ताल आरंभ की है।

चोरी की घटना के खुलासे के लिए सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला जा रहा है। चोरी 21 नवंबर से 29 नवंबर के बीच होना प्रतीत हुआ है और चोरी का पता 10 दिसम्बर को चला है।

महामंदिर थानाधिकारी शिवलाल मीणा ने बताया कि जालम विलास स्थित स्वास्तिक बिल्डिंग में रहने वाली डॉ. वृशाली पत्नी डॉ. साकेत कुमार की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है।

डॉक्टर वृशाली के अनुसार वह परिवार सहित 21 नवंबर से लेकर 29 नवंबर के बीच में किसी कार्यवश दिल्ली गए हुए थे। 10 दिसम्बर को जब घर में बैग संभाला तो उसमें से दस बारह तोला सोना और 25 हजार की नगदी गायब मिली।

थानाधिकारी मीणा ने बताया कि मामला संदिज्ध प्रतीत हो रहा है, जिस बारे में पता लगाया जा रहा है। घर के ताले नहीं टूटे है और ना ही सामान बिखरा मिला है। चोर आधा सामान लेकर गया है बाकी छोड़ गया है।

आस पास सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ चोरी खुलासे का प्रयास किया जा रहा है।

# रोजगार उत्सव के गेट पर किसानों ने प्रदर्शन किया



जालोर में किसानों व महिलाओं ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल के बाहर प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर किसानों का महापड़ाव 25 वें भी जारी रहा। समस्याओं का हल नहीं होने से किसानों के सब्र का बांध टूटता नजर आ रहा है।

गुरुवार को जालोर क्लब में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल के मुख्य गेट पर किसानों व महिलाओं ने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम की जानकारी मिलने पर तथा जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग व आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित के इस कार्यक्रम में आने की सूचना किसानों को मिलने पर महापड़ाव स्थल से किसान व महिलाएं कार्यक्रम स्थल जालोर क्लब के मुख्य गेट के आगे पहुंच गई। वहां पुलिसकर्मियों ने गेट के अंदर जाने से उन्हें रोक दिया। इसके बाद गेट के बाहर बैठकर किसानों व महिलाओं ने जालोर व आहोर विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा जालोर के लिए जवाई बांध के पानी पर हक तय करने की मांग की।

वहीं बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र व जालोर सिरोही लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रहे वैभव गहलोत भी महापड़ाव स्थल पहुंचे, लेकिन वहां भी किसानों ने उन्हें खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि आपकी भी पांच साल सरकार रही यदि आपके कार्यकाल में यह काम हो जाता तो महापड़ाव नहीं करना पड़ता।